And the last aspect that what happens when the courts are not there. The piling up of POCSO cases from the State I come, and the court is not there. These children are always brought in a huddle. They are put into the shelter homes. They don't know their fate. They don't even have come out of the trauma they have undergone. So, where are these aspects? How are we going to deal with it just by bringing an amendment, of bringing harsher punishment? So, this should be referred to a Select Committee, and all these objectives should be dealt with in a very detailed manner. Thank you, Sir.

श्री वीर सिंह (उत्तर प्रदेश): सभापति महोदय, मैं क्रिमिनल लॉ अमेंडमेंट बिल, 2018 पर बोलने के लिए खड़ा हुआ हूं। महोदय, सरकार पहले अध्यादेश लेकर आयी और और अब सदन में इस बिल को लेकर आयी है। आज देश में नाबालिग बच्चों के साथ यौन शोषण जैसी घटनाएं बढ़ी हैं, यह एक बहुत ही सोचने वाला विषय है। आज सख्त कानून बनाए गए हैं, कानून तो पहले भी सख्त था, किंतु उसका अनुपालन नहीं हो पा रहा था। जैसे कि निर्भया कांड हुआ था, निर्भया कांड के बाद सदन में चर्चा हुई, कानून बना, किंतु उसका इम्प्लीमेंटेशन नहीं हुआ, इसलिए ये अपराध बढ़ रहे हैं। यदि हम सख्त कानून बनाएं और इस पर रोक लगाएं, तो इसका समाधान हो सकता है। आज हमारे देश में इस तरह के सबसे ज्यादा केस लंबित हैं, क्योंकि न्यायालयों की कमी है और न्यायालयों में जजों की कमी है। इसलिए आज ऐसे लाखों केस पेंडिंग हैं, हमें इस ओर भी ध्यान देना चाहिए। जब इस तरह के अपराध होते हैं, उसमें गवाहों को गवाही देने से रोका जाता है, उनका संरक्षण नहीं किया जाता है, इससे भी अपराधी का मनोबल बढ़ता है। हमें उस ओर भी ध्यान देना चाहिए, जिससे कि हम ऐसी घटनाओं को रोक सकते हैं। इसके साथ-साथ, इसमें 16 साल की बच्ची या 12 साल या उससे कम उम्र की बच्ची के साथ ऐसा अपराध करने पर 20 साल की सज़ा या मौत की सज़ा का प्रोविज़न किया गया है। उसमें मौत की सज़ा का प्रोविज़न किया गया है। यह एक अच्छा कानून लाया गया है, एक अच्छा कदम है, इस पर अमल करना चाहिए। हम इसका समर्थन करते हैं, किंतु इस पर सख्ती बरतनी चाहिए, क्योंकि जब से केन्द्र और प्रदेश में भारतीय जनता पार्टी की सरकार बनी है।...

श्री सभापति: पार्टीज़ का नाम लेने से वे लोग बोलेंगे।

श्री वीर सिंह: तो अपराधों में वृद्धि हुई है। ...**(व्यवधान)**...

श्री सभापति: ठीक है, आपको कहना है?

श्री वीर सिंहः तो मैं यही चाहूंगा कि इसमें जो दूसरे सदस्यों ने सुझाव दिए हैं, इसको सेलेक्ट कमेटी को भेजा जाए और इसमें ठीक प्रकार से बदलाव किया जाए।

श्री सभापतिः धन्यवाद। श्रीमती कहकशां परवीन।

श्रीमती कहकशां परवीन (बिहार)**:** सभापति महोदय, आपका बहुत-बहुत शुक्रिया। आज मुझे इस बिल पर बोलने का मौका मिला, मैं इसके लिए अपनी पार्टी के नेता का शुक्रिया अदा करती हूं। मैं इस बिल का समर्थन करती हूं, वह इसलिए कि बहुत सारी लड़कियां हैं, जो यौन शोषण का शिकार होती हैं, उनकी रक्षा के लिए यह बिल पेश किया गया है। जब किसी बच्ची के साथ कोई घटना घटती है, तो उसके दिल में जो ज़ख्म बनते हैं या उसके माता-पिता के दिल पर जो चोट लगती है, वह जिंदगी भर नहीं भुलाई जा सकती है। इस बिल में जो प्रावधान किए गए हैं, मैं उनका समर्थन करती हूं। मैं माननीय मंत्री जी से कहना चाहूंगी कि हम कानून बनाएं, लेकिन साथ ही साथ हम सोशल अवेयरनेस का भी काम करें। आज समाज कहां जा रहा है? आज रिश्ते भी पाक़ नहीं रहे हैं। जब बच्चियां स्कूल पढ़ने जाती हैं तो ऐसी बहुत सारी घटनाएं हैं, जो अखबारों में आती हैं कि स्कूल में बच्चियों के साथ गलत हो गया। अगर बच्चियां किसी गाड़ी में स्कूल जाती हैं, तो वहां उनके साथ घटनाएं घट जाती हैं या फिर स्कूल में घटना घट जाती है। हम लोग कहते थे और संस्कृत में भी कहा गया है-

"गुरुर्ब्रह्मा, गुरुर्विष्णुः
गुरुर्देवो महेश्वरः।
गुरुर्साक्षात् परमं ब्रह्म
तस्मै श्री गुरवे नमः।।"

लेकिन आज जब हम बच्चों को स्कूल भेजते हैं, तो मन में डर सा लगा रहता है कि कहीं स्कूल में भी हमारी बच्ची के साथ कोई घटना न घट जाए। जब तक हमारी बच्ची सुरक्षित घर नहीं पहुंच जाती है, तब तक हम परेशान रहते हैं। यह इल्ज़ाम लगाना, मैं इसे ठीक नहीं समझती हूं, चूंकि मैं एक सियासी पार्टी से आती हूं और यहां पर जो सारे लोग बैठे हैं, वे भी कहीं न कहीं, किसी दल से जुड़े हुए हैं। चाहे किसी की सरकार रहे, चाहे एनडीए की सरकार हो या यूपीए की सरकार हो, कोई यह नहीं कह सकता है कि हमारी सरकार में घटनाएं नहीं घट रही हैं या घटनाएं नहीं घटी हैं। इस बात से कोई इंकार नहीं कर सकता है। हमें इस बात पर ध्यान देना होगा कि हमारा समाज कहां जा रहा है और हमारे समाज के लोगों में चेतना जगाने के लिए हमें क्या प्रयास करना चाहिए, क्या पहल करनी चाहिए? आज हम लोगों को यह सब सोचने की जरूरत है। मैं आप लोगों से बस एक ही बात कहना चाहती हूं। सदन के सारे लोग यहां पर बैठे हैं कि जिसके साथ घटना घटती है, वह ज़िंदगी भर उस घटना को याद रखता है। उसके माता-पिता भी याद रखते हैं, लेकिन समाज की मुख्य धारा से वे बच्चे कभी जुड़ नहीं पाते हैं। समाज की मुख्य धारा से जोड़ने के लिए हम सभी को पहल करनी होगी और जब तक हम मिलकर कोशिश नहीं करेंगे, तब तक समाज जागेगा नहीं। तब तक इस तरह के जो यौन शोषण के मामले हैं, चाहे लड़कियों के साथ हो रहे हैं या लड़कों के साथ हो रहे हैं, इन पर हम सभी काबू नहीं पा सकते। माननीय मंत्री जी, इस संबंध में मेरा एक सुझाव है। जिस तरह से बिहार में महिला

[श्रीमती कहकशां परवीन]

थाना का गठन किया गया है, उसी तरह पूरे हिंदुस्तान में, हर राज्य में महिला थाना का गठन किया जाए। वह इसलिए किया जाए कि जब किसी लड़की के साथ कोई घटना घटती है या किसी औरत के साथ घटती है और जब वह थाने जाती है तो बहुत सारी बातें जो पुरुष पुलिसकर्मी होते हैं, उनके सामने खुलकर नहीं कह पाती है। अगर महिला थाना होगा, तो वे अपनी बातें खुलकर कहेंगी और उन्हें न्याय मिलेगा, बहुत-बहुत शुक्रिया।

†**محترمہ کہکشاں پروین (بہار):** سبھاپتی مہودے، آپ کا بہت بہت شکریہ۔ آج مجھے اس بل پر بولنے کا موقع ملا، میں اس کے لیے اپنی پارٹی کے نیتا کا شکریہ ادا کرتی ہوں۔ میں اس بل کا سمرتھن کرتی ہوں، وہ اس لیے کہ بہت ساری لڑکیا ہیں، جو یون شوشن کا شکار ہوتی ہیں، ان کی رکشا کے لیے یہ بل پیش کیا گیا ہے۔ جب کسی بچی کے ساتھ کوئی گھٹنا گھٹتی ہے، تو اس کے دل میں جو زخم بنتے ہیں یا اس کے ماتا پتا کے دل پر جو چوٹ لگتی ہے، وہ زندگی بھر نہیں بھلائی جاسکتی ہے۔ اس بل میں جو پراؤدھان کئے گئے ہیں، میں ان کا سمرتھن کرتی ہوں۔ میں مانیئے منتری جی سے کہنا چاہونگی کہ ہم قانون بنائیں، لیکن ساتھ ہی ساتھ ہم سوشل اونیرنیس کا بھی کام کریں۔ آج سماج کہاں جارہا ہے؟ آج رشتے بھی پاک نہیں رہے ہیں۔ جب بچیاں اسکول پڑھنے جاتی ہیں تو ایسی بہت ساری گھٹنائیں ہیں، جو اخباروں میں آتی ہیں کہ اسکول میں بچیوں کے ساتھ غلط ہوگیا۔ اگر بچیاں کسی گاڑی سے اسکول جاتی ہیں، تو وہاں ان کے ساتھ گھٹنائیں گھٹ جاتی ہیں یا پھر اسکول میں گھٹنا گھٹ جاتی ہے۔ ہم لوگ کہتے تھے اور سنسکرت میں بھی کہا گیا ہے۔

''گرو برہما، گرووشنو:

گرودیوو، مہیشورا:

گروسرکشات پرم برھما

† Transliteration in Urdu script.

تسمے شری گروے نم:''

لیکن آج جب ہم بچوں کو اسکول بھیجتے ہیں، تو من میں ڈر سا لگا رہتا ہے کہ کہیں اسکول میں بھی ہماری بچی کے ساتھ کوئی گھٹنا نہ گھٹ جائے۔ جب تک ہماری بچی سُرکشت گھر نہیں پہنچ جاتی ہے، تب تک ہم پریشان رہتے ہیں۔ یہ الزام لگانا، میں اسے ٹھیک نہیں سمجھتی ہوں، چوں کہ میں ایک سیاسی پارٹی سے آتی ہوں اور یہاں پر جو سارے لوگ بیٹھے ہیں، وہ بھی کہیں نہ کہیں، کسی دل سے جڑے ہوئے ہیں۔ چاہے کسی کی سرکار رہے، چاہے این ڈی اے کی سرکار ہو یا یوپی اے کی سرکار ہو، کوئی یہ نہیں کہہ سکتا ہے کہ ہماری سرکار میں گھٹنائیں نہیں گھٹ رہی ہیں یا گھٹنائیں نہیں گھٹی ہیں۔ اس بات سے کوئی انکار نہیں کرسکتا ہے۔ ہمیں اس بات پر دھیان دینا ہوگا کہ ہمارا سماج کہاں جارہا ہے اور ہمارے سماج کے لوگوں میں چیتنا جگانے کے لیے ہمیں کیا پریاس کرنا چاہیئے، کیا پہل کرنی چاہیئے؟ آج ہم لوگوں کو یہ سب سوچنے کی ضرورت ہے۔ میں آپ لوگوں سے بس ایک ہی بات کہنا چاہتی ہوں۔ سدن کے سارے لوگ یہاں پر بیٹھے ہیں کہ جس کے ساتھ گھٹنا گھٹتی ہے، وہ زندگھی بھر اس گھٹنا کو یاد رکھتا ہے۔ اس کے ماتا پتا بھی یاد رکھتے ہیں، لیکن سماج کی مکھیہ دھارا سے وہ بچے کبھی جڑنہیں پاتے ہیں۔ سماج کی مکھیہ دھارا سے جوڑنے کے لیے ہم سبھی کو پہل کرنی ہوگی اور جب تک ہم سبھی مل کر کوشش نہیں کریں گے، تب تک سماج جاگے گا نہیں۔ تب تک اس طرح کے جو یون شوشن کے معاملے ہیں، چاہے لڑکیوں کے ساتھ ہورہے ہیں یا لڑکوں کے ساتھ ہورہے ہیں، ان پر ہم کبھی قابو نہیں پاسکتے۔ مانیئے منتری جی، اس سمیندھ مین میرا ایک سجھاؤ ہے۔ جس طرح سے بہار میں مہیلا تھانہ کا گٹھن کیا گیا ہے، اسی طرح پورے ہندستان میں، ہر راجیہ میں مہیلا تھانہ کا گھٹن کیا جائے۔ وہ اس لیے کیا جائے کہ جب کسی لڑکی کے ساتھ کوئی گھٹنا گھٹتی ہے یا کسی عورت کے ساتھ گھٹتی ہے اور جب وہ تھانے جاتی ہے تو بہت ساری باتیں جو پروش پولیس کرمی ہوتے ہیں، ان کے سامنے کھلکر نہیں کہہ پاتی ہے۔ اگر مہیلا تھانہ ہوگا تو وہ اپنی باتیں کھل کر کہیں گی اور انہیں نیائے ملے گا، بہت بہت شکریہ۔

श्री सभापतिः धन्यवाद जी। श्रीमती वंदना चव्हाण।

SHRIMATI VANDANA CHAVAN: Sir, The crimes against women and children are on the rise in the country and the horrific nature of incidents has shocked the nation time and again. There can be no two thoughts that we have to protect our women, and children against all kinds of violence. Sir, I feel that at such times we tend to give a kneejerk reaction by enhancing punishments with little or no consideration to the ground reality whether the implementation of the present laws is being done properly. Sir, the issues, which I want to raise in this connection, I will make in bullet points so that I keep myself short. Sir, I have already submitted that on the one side we had the Indian Penal Code earlier, later noticing that there are several violence cases against children, the Legislature came out with special provisions, special legislation and the POCSO, which is meant only for children. Sir, in this case we see that most of the amendments that we seek to make under the Indian Penal Code are about rape on women below the age of 12, rape on women below the age of 16 years. So, Sir, I feel that instead of bringing an amendment in the Indian Penal Code, these amendments should have been under the POCSO because law has to have clarity. If you want to see any provision concerning children, it should have been under one law. Unfortunately, the lawyers or the people who want to defend or fight or prosecute will have to see two laws which was really not required. That is my submission. Second point, Sir, as some of my colleagues have already said, the provisions have mentioned the word 'woman'. Yes, it is true that under the IPC, under Section 10, a woman has been referred to as a 'female human being' of any age. But, Sir, in common parlance we see that a woman is an adult female. Therefore, in those days probably when the Indian Penal Code was there, there were not so many offences against children. Now with changed times, with changed number of offences happening against the children, number of legislations that we are making for children, Sir, I feel that the term 'woman' should be deleted because we cannot say when a two year old or a six year old child is raped, will we ever say that a woman has been raped? I think 'the child has been raped' will bring more consciousness and sensitivity amongst the people and legislators than saying that a six year old woman has been raped. Now we know, Sir, even a few months old children are raped, which is a very horrific thing. So, I make an appeal to the hon. Minister that this term needs to be changed. Even in the changed world, today the United Nations also talks about women and girls. Even the SDGs, for that matter, talk about women and girls. So, in that case that needs to be done. My third point again is that that this provision is gender bias. Why have we not applied this provision to the boys? Sir, in a recent survey in 2007 by the Ministry of Women and Child Development with sample of

12,447 children in families, schools, at work and living on streets, it was found that more than half had faced sexual abuse, and, shockingly, Sir, 53 per cent of the victims were boys. Even in my public life I have seen lesser number of girls who have been subjected to rape than the number of boys in the Observation Homes and Children's Homes. So, I think the boys need to be included. I don't know what kind of amendment probably in the near future the hon. Minister can bring about. Fourthly, Sir, for offences of rape on women under the age of 12, the legislation has prescribed death penalty, and, in this connection, Sir, I would make an appeal whether this will really help us to meet the ends of justice. Sir, I will like to draw the attention of the House and yourself to an NCRB Report, 2016 which reveals that 94 per cent of all cases registered under rape, rape with penetrative sexual assault on children were committed by people known to the victims such as family members, relatives, neighbours, employees, coworkers or other known persons. So, the person who helps the child to lodge a complaint is the parent and if the parent realises that it is a close relative, will he or she pursue the prosecution? So, I feel that this is something which will deter the parents from lodging the complaint. The Bill has already defined life imprisonment to mean the remainder of that person's natural life, meaning that there is no chance of releasing the accused early or on good behaviour which normally is done under life imprisonment. Why, Sir, should we slap a death sentence on such a person? My fourth submission, Sir, is strict and harsh punishment —there are so many lawyers here who will subscribe to my view — which means greater and stronger evidence on the one side, whereas under POCSO the law calls for child friendly procedures and to record evidence. Sir, in cross examinations in this case, if my client is going to be cnarged with life imprisonment or death, the lawyer in that case then, would go to any extent to cross examine the child and bring terror and fear in his mind and I don't think we will really be achieving the kind of benefit that we are looking for the victim. Sir, we are a country which respects human rights. There are some interesting statistics which show that death penalty falls on the marginalised and vulnerable due to police excesses. Those who have the economically deprived background, those who cannot afford lawyers, those who have undergone custodial torture and said to have given forced confessions, even Justice Verma Committee, Sir, in 2013 had deliberated on whether death penalty should be awarded. The Committee acknowledged that rape was indeed a violent crime, but it was possible...

MR. CHAIRMAN: Vandanaji, please conclude.

SHRIMATI VANDANA CHAVAN: Sir, please allow me to speak for just two minutes. This is a very important Bill.

MR. CHAIRMAN: Even the BJP has offered to give you three minutes. That is also over. Please conclude. You are making good points, but please conclude.

SHRIMATI VANDANA CHAVAN: Please, Sir, this is a very important issue and I would like to raise this. Otherwise, I will feel that I have not done my duty. Sir, please bear with me. The Committee supported enhanced punishment extending up to life imprisonment for rape, but not death penalty. Here we have enhanced the punishment, Sir, to remainder of that person's natural life. So, why hang him? That is my question. Sir, my last submission is, several other provisions regarding reducing the time limit for investigation from three to two months will result, according to me, in more acquittals as it will result in haphazard investigation or incomplete charge-sheet and all these will be detrimental to the outcome of the case, even the provision, Section 309 of the CrPC, and making it mandatory for the trial court to complete the trial in cases within two months. Also, Sir, trial courts have not been able to adhere to the time schedule even under the POCSO if we take review of that. I will not go into the details, but there are several aspects because of which the cops are not able to finish their cases even in one year. So, how can they do it in two months? These are some of my submissions. I make an appeal, Sir, that this Bill should be given to the Select Committee and a proper study is made. Thank you.

श्री सभापतिः श्रीमती छाया वर्मा। पार्टी में जो पुरुष सदस्य हैं, उनको महिला सदस्यों को अपना भी समय देना चाहिए।

श्री हुसैन दलवई (महाराष्ट्र)**:** सभापति महोदय, बिल के ऊपर बोलने के लिए restriction नहीं होनी चाहिए।

श्री सभापतिः किसी के ऊपर बोलने के लिए restriction नहीं होनी चाहिए।

श्रीमती छाया वर्मा (छत्तीसगढ़)**:** सभापति महोदय, आपने मुझे इस महत्वपूर्ण बिल पर बोलने का मौका दिया है, इसके लिए मैं आपको धन्यवाद देती हूं। मात्र कानून बना देने से ही समस्याओं का समाधान नहीं होता है। देश में बहुत कानून बनते हैं, लेकिन कानूनों का पालन कराने वाले अधिकारी होते हैं या वकील होते हैं। वकीलों के बारे में मैं कहना चाहूंगी,

"कानूनों के कान में ठोक जहर की कील
और हत्या कर दे सत्य की, वह है सफल वकील।"

महोदय, आजकल हर चीज़ व्यावसायिक हो गई है और कानूनों को तोड़-मरोड़ कर अपराधियों को बचाने का प्रयास हो रहा है। मैं इस संशोधन विधेयक में कुछ बिन्दुओं पर सरकार का ध्यान आकृष्ट कराना चाहती हूं। 12 वर्ष और 16 वर्ष से कम आयु की बालिकाओं से यौनाचार करने वाले अपराधियों को आजीवन कारावास, मृत्युदण्ड और जुर्माने का प्रावधान इस विधेयक के जरिए लाया जा रहा है।

सर, इस बिल में 12 वर्ष और 16 वर्ष दोनों क्यों हैं? इसमें 12 वर्ष होना चाहिए या 16 वर्ष होना चाहिए। 12 वर्ष से कम या 16 वर्ष से ज्यादा, यह इसमें दृष्टिगत नहीं हो रहा है। इसलिए इसमें यह विरोधाभास नज़र आ रहा है।

दूसरा, यह भी साफ नहीं है कि जब बालक के साथ अपराध हो रहा है, तो अपराधी को कितनी सज़ा मिलेगी। मैं बताना चाहूंगी कि 53 प्रतिशत लड़कों के साथ भी बलात्कार के मामले होते हैं। उसमें तीन साल की सज़ा का प्रावधान है, लेकिन अगर लड़कियों के साथ यौनाचार का अपराध हो रहा है, तो मृत्युदण्ड या आजीवन कारावास की सज़ा का प्रावधान है। जब हम समानता की बात करते हैं, तो कम आयु की लड़के हों या लड़कियां हों, दोनों के लिए समान नियम होने चाहिए, ऐसा मेरा विचार है। सर, आजकल फ़ेक न्यूज़ का बहुत चलन हो गया है। मैं इस संबंध में एक स्कूल का उदाहरण देना चाहूंगी। एक स्कूल में प्राध्यापक हैं, उनके स्कूल की एक महिला ने प्राध्यापक के ऊपर आरोप लगाया कि इस मास्टर ने मेरे साथ बलात्कार किया है। उस प्राध्यापक को आजीवन कारावास की सज़ा हुई। उस टीचर के माता-पिता जी ने आत्महत्या कर ली क्योंकि वे इस सदमे को बरदाश्त नहीं कर सके। कुछ दिन बाद वह प्राध्यापक जेल से बाहर आया और यह पता चला कि यह फेक न्यूज़ थी। उसके बाद होता यह है कि जिस महिला ने आरोप लगाया था, उसको 700 रुपये का अर्थ दंड देकर छोड़ दिया और उसके खिलाफ कोई आपराधिक मामला दर्ज नहीं हुआ। इस तरह से फ़ेक न्यूज़ हमारे देश में चल रही है।

श्री सभापतिः छाया वर्मा जी, ओ.के.।

श्रीमती छाया वर्माः सर, मैं एक मिनट और बोलना चाहूंगी।

श्री सभापतिः ठीक है, आप बोलिए।

श्रीमती छाया वर्माः सर, इसमें जो दो माह का नियम बनाया है, मैं बताना चाहूंगी कि इस दो माह में कोई भी जांच पूरी नहीं हो सकती है।। हमारे यहां महिला थाने में 33 प्रतिशत महिला पुलिस होनी चाहिए, लेकिन वहां पर सात प्रतिशत महिला पुलिस हैं। फोरेंसिक विशेषज्ञ, जो अपराधों के बारे में जांच करके बताते हैं, उनके बारे में बताना चाहूंगी कि हमारे देश में 4,340 फोरेंसिक विशेषज्ञ के पद खाली हैं, तो कहां से हम दो महीने में उसकी जांच कर पायेंगे?

अभी पिछले दिनों उत्तर प्रदेश के बागपत का मामला आया था। वहां पर जेल में एक अपराधी ने दूसरे अपराधी को गोली से भून दिया। वहां पर जेल में ही अपराधी सुरक्षित नहीं हैं। जेलों में जरूरत से ज्यादा नियमों का उल्लंघन हो रहा है। मैं चाहती हूं कि इस बिल को सेलेक्ट कमेटी में भेजा जाना चाहिए।

श्री सभापतिः श्री संजय सिंह, नहीं हैं। श्री तिरुची शिवा।

SHRI TIRUCHI SIVA (Tamil Nadu): Sir, this amendment is the need of the hour. I welcome this Bill, but with one or two reservations.

Sir, I don't want to say that the changing society is a deteriorating society. The victims of rape are not only female but also male. So, I think, rape should be defined gender-neutral. Many of my colleagues have expressed it earlier. But, I thought that it is a very important one and hence I am mentioning it again.

SHRI ANAND SHARMA: Sir, even transgenders are raped.

SHRI TIRUCHI SIVA: I am coming to that.

Sir, the Bill deals with rape on a woman under the age of sixteen years and girls under twelve years of age. However, the definition of 'rape' should be made gender-neutral. Even the Law Commission of India in 2000 and Justice Verma Committee in 2013 recommended for provisions regarding rape be applied equally to both male and female victims. But, the Bill, however, did not take it into consideration.

The purpose of a policy intervention should be to address the concerns of all, irrespective of gender. In this regard, the law is not inclusive. While the concern of the Bill to address the safety of girl child can be understood, this does not justify the Bill leaving out protection of males and transgender from rape. Sir, they are also subjected very much. The recent incidents across the country have raised a very big outcry from public and the Government, at the right point of time, has brought this amendment. But the difference is this. In the Act, punishment for raping a boy was seven years' life imprisonment. In this amendment, the punishment for raping a girl has been increased to ten years; whereas, for boys it remains the same — seven years! So also, for below twelve years, the imprisonment for raping a boy is ten years to life imprisonment. But, now, it is proposed to increase it to twenty years to life imprisonment when a girl is raped and not in case of boys. So, this should be taken into consideration. Despite the crime is similar, difference exists in imposing penalties. This difference is based merely on gender. This shows a lack of sensitivity on the part of the Bill not giving justice to minor male rape victims.

Sir, another point is relating to death penalty for rape and gang rape of girls of less than twelve years. Yesterday, there was a seminar conducted in Chennai about the abuse against girl child. What the women, in general, expressed was that death penalty means that the accused will immediately be hanged and there would not be any time for him to repent. He should be in prison lifelong only then no other person will dare to commit such crime was the observation made not only by NGOs but also by many parents. Suppose a person is punished with death penalty, he will die as soon as he is executed. There will be no time for him to repent. So, he should rather be put in prison for life. Only then the law will serve the purpose.

I will take just one more minute, Sir. The Criminal Law (Amendment) Bill, 2013, was passed by the Parliament in March, 2013, to amend the IPC in order to allow death penalty only in rape cases, where the accompanying brutality leads to death of the victim

or leads the victim into a persistent vegetative state, and also in case of repeated offences. Over the years, various court judgements have narrowed the application of death penalty only to the 'rarest of rare' cases. What I would suggest is, as have been proposed by many people across the country, such people should suffer in prison till their life, instead of hanging them to death. The death sentence is not a deterrent to committing crimes because of various socio-economic and procedural reasons. People tend to estimate that the probability of their being sentenced such a grave penalty is minimal. So, instead of punishing them with death penalty, they should be put in prison for life.

So, these are the two observations that I wanted to make for the consideration of the hon. Minister.

MR. CHAIRMAN: Now, Shri Husain Dalwai. You have only two minutes because four people have already spoken from your party.

श्री हुसैन दलवई: सभापति महोदय, जस्टिस वर्मा कमेटी की स्थापना की गई थी। उसने death penalty देना rarest of the rare कहा है। 94 केसेज़, जिन्हें किया गया उनमें से crime करने वाले जो victim थे, वे नजदीक के लोग थे। उनमें बहुत दफा तो परिवार के लोग होते हैं। उनमें बाप भी रहता है, चाचा भी रहता है, उसके और रिश्तेदार होते हैं तथा पड़ोसी होते हैं। इस प्रकार के बहुत से cases तो report ही नहीं होते हैं, क्योंकि वे नजदीक के ही लोग होते हैं, इसलिए बच्चों के ऊपर या बेटी के ऊपर बहुत pressure डाला जाता है, जिसके कारण ऐसे केसेज़ रिपोर्ट नहीं होते हैं, यदि आप इनमें डैथ पेनल्टी देंगे, तो मेरे ख्याल से ये केसेज़ रिपोर्ट ही नहीं होते। यह बड़ी चिन्ता की बात है। उसका conviction rate भी बहुत कम है। यदि डैथ पेनल्टी देंगे, तो कन्विक्शन रेट बढ़ेगा, लेकिन ऐसे केसेज़ में रिपोर्टिंग बहुत कम होगी, इस बात को भी हमें ध्यान रखना चाहिए।

महोदय, यहां गृह मंत्री जी बैठे हैं। मैं उन्हें अपने क्षेत्र का एक incident बताना चाहता हूं। मेरे घर में सुबह 3.00 बजे चार-पांच लोग आए। उनमें जिसने रेप किया था, वह भी था। उसका भाई मुझसे बार-बार कह रहा था कि मेरा भाई रेप कर ही नहीं सकता है। मेरा भाई ऐसा है और मेरा भाई वैसा है। मैंने कहा कि ठीक है, आप जरा पुलिस को फोन करके बताइए। वह बोला ठीक है, मैं बताउंगा। मैंने पुलिस को फोन नहीं किया, बल्कि लड़की के घर के आसपास जो लोग थे, उनसे मालूमात की कि आखिर क्या हुआ? मैं गृह मंत्री जी को बताना चाहता हूं कि जब वह लड़की पुलिस स्टेशन गई, तो पुलिस वालों ने उसे पट्टे से खूब पीटा। जब मुझे इस बारे में पता चला, तो मैं, मेरी बीवी और हमारे कुछ कार्यकर्ता पुलिस स्टेशन गए, तब उसके बारे में इन्क्वायरी हुई और वह तीन साल के लिए जेल के अंदर गया। इसलिए इसमें खाली कानून बना देने से काम नहीं चलेगा, बल्कि हमारे सिस्टम में बदलाव लाना बहुत जरूरी है।

महोदय, यहां हमारे Education Minister भी बैठे हुए हैं, मैं आपके माध्यम से उनके ध्यान में लाना चाहता हूं कि सेक्स के बारे में स्कूलों में भी education देना चाहिए, जिससे बच्चे समझें कि आखिर यह क्या मामला है। बहुत बार गलतफहमी की वजह से ये सारी बातें हो जाती हैं, इस बात को भी ध्यान में रखना चाहिए। मुझे बस इतना ही कहना था, धन्यवाद।

7.00 P.M.

MR. CHAIRMAN: Shri Binoy Viswam. You have only two minutes.

SHRI BINOY VISWAM (Kerala): Mr. Chairman, Sir, one more stringent Bill has come before us. We already have the POCSO Act and the Nirbhaya Act. And, now, this one is before us. But, it fails to address the real issue. The real issue is, the ideology of a patriarchal society is not good for women. This ideology has now become even more atrocious to everybody in the society. All the human values have today been overtaken by the market values. In markets, love, affection, the concept of family, everything has been thrown to the winds. So, nobody is safe even in their homes. The figures are very clear. In 94.6 percentage of the cases, who are the culprits? The victims are tortured by their close relatives, the men known to them. All those figures were mentioned here. I don't want to repeat them now. This is the real issue. So, with a major step of death penalty, we are not going to solve the issue. We want something more, something more objective and something more effective. So, the point is that this Bill needs a more study and a more careful observation about that. So, I request the House to refer this Bill to a Select Committee, which many Members have sought for.

MR. CHAIRMAN: Thank you.

SHRI BINOY VISWAM: Sir, there is one more point. Once it happens, the victims, 26 percentage of them, are dropped out from their schools. About 50 per cent of them and their families are forced to move away from their villages. They almost become refugees somewhere else. So, the social impacts, the psychological impacts, the human impacts, all these have to be considered with all seriousness. Sir, only for a propaganda leverage, such a Bill cannot be adopted.

MR. CHAIRMAN: You have made very salient points.

SHRI BINOY VISWAM: Thank you, Sir.

MR. CHAIRMAN: Now, hon. Minister.

SHRI KIREN RIJIJU: Hon. Chairman, Sir, first of all I would like to extend my gratitude to all the hon. Members who have given very substantive suggestions and contributing a lot to our understanding in dealing with this very sensitive matter. This is an extremely important subject. This is not a political issue, but this is a national issue, concerning our society, the morale of the society. So, cutting across the party lines, we all have converged together in talking about this important issue and coming together to pass

this important Bill. Sir, before coming to some of the important amendments which we have brought, let me quickly touch upon the objections being raised, not about the law but about some of the provisions and their request for submission to the Select Committee. Sir, this Bill has been extensively discussed in the Lok Sabha, and, now, it has come to this august House. First of all, Sir, the matter being raised about is the definition of – 'woman'. Sir, the term 'rape' traditionally had been focussed on woman. The 'Indian Penal Code has, specifically, dealt with the term 'woman'. That is why we have brought this particular amendment with the same word as 'woman'. It has already been mentioned, but let me repeat this. As per Section 10 of the IPC, the word 'woman' denotes a female human being of any age. So, flowing from that definition, we have come to this particular term in this particular amendment. But, I can assure the august House that it has been a long time since that we have this IPC, definitely, there will be a discussion in the Government, and we will give a relook and thinking about how this definition must be brought in the Indian Penal Code. Sir, with regard to the question on why only woman,

सर, इसमें यह कहा गया है कि जो Male बच्चे होते हैं, उनके साथ इस तरह की घटनाएं होती हैं। मैं इसके लिए इस सदन को यह बताना चाहता हूं कि इस सरकार में महिला और बाल विकास मंत्रालय के माध्यम से एक केबिनेट नोट की तैयारी चल रही है। आप सभी को पता है कि जो "POCSO" कानून है, Protection of Children from Sexual Offences (POCSO) Act, that is a gender-neutral law. उस "POCSO" कानून में exhaustive, मतलब एक Total Relook दिया जा रहा है, जिसमें आपने डिटेल में यहां पर जो मैटर रेज़ किया है, उसका समाधान कर सकते हैं। आज का जो विषय है - क्योंकि देश में कुछ ऐसी घटनाएं हुईं, जिनमें दो साल से कम, पाँच साल से कम जो छोटी-छोटी बच्चियां हैं, उनको दृष्टिगत रखते हुए हमने टोटली डिफाइन किया है कि सोलह साल से नीचे और बारह साल से नीचे की बच्चियों के साथ जो इस तरह की घटनाएं हुई हैं, उनको देखते हुए सरकार ने यह समझा है कि ऐसे मामले, जो सामने आ रहे हैं, जिन पर देश में आवाज़ उठ रही है, समाज के हर तबके की ओर से आवाज़ उठ रही है कि, उन पर बहुत सख्ती से कानूनी प्रावधान लाने चाहिए। इसलिए हमारी सरकार के हमारे आदरणीय प्रधानमंत्री, नरेन्द्र मोदी जी का यह विचार रहा है कि चूंकि पार्लियामेंट का सेशन नहीं चल रहा था, तो इसको एक Ordinance के form में लाना जरूरी था, इसलिए इसके लिए Ordinance लाया गया और आज इसको इस सदन में बिल के रूप में पेश किया जा रहा है।

सर, यहां victims protection की बात raise की गई है। मैं बताना चाहता हूं कि गृह मंत्रालय के माध्यम से victim and witness protection के लिए एक स्कीम चलाई जा रही है। सारी राज्य सरकारों को निर्देश भी दिया गया है कि यह जो स्कीम है, इसको सही तरीके से चलाया जाए। Victim and witness protection के लिए क्या-क्या प्रावधान होने चाहिए, इनको हमने डिटेल में ऑनरेबल सुप्रीम कोर्ट में भी दिया है।

[Shri Kiren Rijiju]

सर, मैं ज्यादा वक्त नहीं लेना चाहता हूं, क्योंकि इस सदन में समूचे देश की भावना उत्पन्न हुई है और सबने एक ही भावना के साथ बात रखी है। इसलिए मैं सिर्फ कुछ बिन्दुओं पर आपका ध्यान आकर्षित करना चाहता हूं। सबसे पहले तो इसके लिए जो general provision है कि जब रेप होता है, तो उसके लिए सजा का क्या प्रावधान है। सबसे पहले IPC 376 में जो punishment का provision है, पहले यह 7 साल होता था, अब उसको 10 साल किया गया है। उसके बाद जो 16 साल से नीचे की बच्ची है, अगर उसके साथ बलात्कार होता है, तो उसके लिए पहले 10 साल की सज़ा होती थी, अब उसको minimum 20 साल किया गया है और उसके remainder of the life जेल में रहने का प्रावधान है। जो 12 साल से छोटी बच्ची है, अगर उसके साथ रेप होता है, तो उसके लिए पहले 10 साल की सज़ा होती थी, अब न्यूनतम 20 साल से rigorous imprisonment or death, इसमें नया प्रावधान रखा गया है। सर, मैं gang-rape के बारे में भी बताना चाहता हूं। Gang-rape में remainder of the life या death, उसके लिए ये दो प्रावधान रखे गए हैं।

सर, Section 173 CrPC के अनुसार पहले 3 महीने के अन्दर investigation complete करना पड़ता था, अब इस नए प्रावधान में इसे 'दो महीने' कर दिया गया है। इसके साथ ही पहले जो rape का trial चलता था, उसमें सिर्फ यह कहा जाता था कि as far as possible within two months, अब हमने इसको mandatory किया है कि दो महीने के अन्दर यह जो सारा investigation का process है, यह trial खत्म होना चाहिए। इस trial की भी deadline fix की गई है।

सर, यहां एक सबसे important बात कही गई है कि कोर्ट में केस बहुत लंबा चलता है। इसके लिए पहले जो disposal of the appeals होता था कि अगर कोई सजा दी गई है और उसके खिलाफ अपील होती है, तो उसके लिए कोई समय fix नहीं था। अब अपील में भी, कोर्ट में 6 महीने के अन्दर इस अपील के प्रावधान को भी complete किया जाना चाहिए। सर, मैं मानता हूं कि सरकार ने यह एक बहुत ही important कदम उठाया है।

सर, मैं anticipatory bail के बारे में कहना चाहता हूं कि पहले anticipatory bail का प्रावधान होता था, लेकिन अब इस मामले में anticipatory bail की कोई संभावना नहीं है। इसके बाद जब कोई अपराधी, जिसको accuse किया गया है, जब वह bail application move करता था, तो victim और उसके representative को पता नहीं चलता था। अब जब वह इसके लिए application देता है, तो उसको 15 दिन के अन्दर बताना जरूरी है। साथ-साथ जब कोर्ट में उसकी hearing होती है, तो उसके representative की मौजूदगी में उसकी hearing होने की आवश्यकता है।

सर, इसका जो consequential effect है, मैं उसके बारे में बताना चाहता हूं। मैंने ये जो IPC और CrPC के कुछ प्रावधान बताए, उनका जो consequential effect है, आप इसमें देखिए कि सरकार ने कितना सख्त कदम उठाया है।

सर, इस सम्बन्ध में महिलाओं के character के बारे में काफी ज़िक्र होता है, मीडिया में भी और समाज में भी। Indian Evidence Act के तहत अब यह कहा गया है कि महिलाओं के character के बारे में कोई सवाल नहीं उठाया जा सकता है। कोई बलात्कार करेगा और उसका वकील कहेगा कि तुम्हारा

character ठीक नहीं है, तुम पुराने दिनों में कहाँ जाती थीं, क्या करती थीं। इस तरह का सवाल cross-examination में नहीं किया जा सकता है और न कोई उसका मायने रख सकता है। इसलिए अब previous experience की कोई जगह नहीं है। CrPC के Section 26 में यह कहा गया है कि उसका जो ट्रायल होगा, as far as possible, it should be by a woman Judge. हम लोगों के द्वारा यह नया प्रावधान डाला गया है। इसके अलावा पुलिस के पास जब ऐसा कोई मामला आएगा, तो उसकी जो complaint होगी, वह भी एक महिला पुलिस अधिकारी के द्वारा ही record की जाएगी, यह नया प्रावधान भी इसमें डाला गया है। जो Statement record की जाती है, वह काम भी महिला अधिकारी ही करेगी। इसमें कहा गया है, "Statement of the victims shall be recorded by a Judicial Magistrate as soon as the commission of offence has been brought to the notice of the Police." हम लोगों ने इस तरह के जो women victim-sensitive measures उठाए हैं और जो नये प्रावधान रखे गए हैं, मैं मानता हूं कि इनका बहुत ही गहरा असर पड़ेगा।

दूसरा, अभी public servant के बारे में पूछा गया था कि अगर किसी public servant या पुलिस ऑफिसर की ओर से इस तरह की कोई घटना होती है, तो उसके बारे में क्या किया जाएगा? इस बारे में इसमें कहा गया है, Three shall be no previous sanction required for the prosecution of a public servant accused of the offence of rape. Public servant के बारे में अगर इस तरह का कोई मामला सामने आता है, तो उसके लिए previous sanction की कोई जरूरत नहीं पड़ेगी। दूसरा, rape cases में जो इंक्वायरी होगी या जो trial conduct किया जाएगा, वह in-camera किया जायेगा, ताकि उसमें कोई छेड़छाड़ न कर सके। हम लोग उसकी प्राइवेसी का भी ध्यान रखेंगे। The existing Section 357(B) of the CrPC says, "This amendment would ensure that the compensation scheme will be extended to the victims of the newly proposed categories." इसमें जो नया Section 376AB, Section, Section 376DA और Section 376DB है, इनमें यह provision भी रखा गया है कि इसमें compensation का पूरा benefit भी है। सर, Section 357C of the CrPC says, "All hospital, public or private, shall immediately provide first-aid or medical treatment free of cost to the victim of the offence of rape and shall immediately inform the Police." Through this amendment the facility of free first-aid or medical treatment shall be extended to the victims under the new proposed categories.

सर, मैं एक और महत्वपूर्ण बात बताना चाहता हूं, माननीय सदस्यों ने इस बात का जिक्र भी किया है कि सिर्फ कानून बना देने से ही वह ज़मीन तक नहीं पहुंचता है। अभी हमारे सभी माननीय सदस्यगणों ने ये सब बातें कही हैं और हम स्वयं भी यह मानते हैं कि सिर्फ कानून के प्रावधानों को बदल देने से सब कुछ ठीक नहीं हो जाता है। इसके लिए हमारे आदरणीय प्रधानमंत्री, श्री नरेन्द्र मोदी जी ने 21 अप्रैल, 2018 को गृह मंत्रालय से एक cabinet proposal दिया, जिसके बाद Criminal Law (Amendment) Ordinance पास हुआ। उसमें और भी बहुत सारे important कदम उठाए गए हैं। अभी हमारे एक माननीय सदस्यगण ने Question किया था कि हमारी जो existing व्यवस्था है, उसको कैसे ठीक करना चाहिए। सर, हमें सबसे पहले देश भर में fast track special courts का गठन करना होगा

[Shri Kiren Rijiju]

और इसके लिए Centrally-funded scheme के proposal को announce भी कर दिया गया है। मैं आपको बताना चाहता हूं कि अब जहां-जहां भी कोर्ट नहीं बना है, वहां कोर्ट बनेगा और जहां बना हुआ है, उसको और मजबूत बनाने के लिए प्रावधान रखा गया है। इस मामले में हम राज्य सरकारों से और हिन्दुस्तान में जितने भी हाई कोर्ट्स हैं, उनसे भी चर्चा कर रहे हैं। यहां माननीय कानून मंत्री जी बैठे हुए हैं, उनके माध्यम से भी हमारे यहां जितने कोर्ट्स हैं, उन सबके साथ चर्चा कर रहे हैं।

सर, इसके बाद prosecution की जो मशीनरी है, यह बहुत ही महत्वपूर्ण है। हमारे जितने भी States या Union Territories हैं, उनमें जो fast track special courts बनाए गए हैं, वहां public prosecutors, office infrastructure and supporting manpower के लिए जो posts sanction करनी थीं या जो-जो चीज़ें चाहिए थीं, उसके लिए भी हम लोग व्यवस्था कर रहे हैं। इसके अलावा, quality of investigatin है, which is very important, क्योंकि अगर investigation की quality ठीक नहीं है, तो फिर जस्टिस नहीं मिलेगा। इसके लिए जो rate of conviction होता है, वह quality of investigation पर निर्भर करता है। इसके लिए adequate provisions for special forensic kits for rape cases are proposed to be made available in all the Police Stations as well as hospitals where such medico-legal cases are handled to improve the quality of forensic evidence and thereby strengthen the case of prosecution. Dedicated and trained manpower are to be provided for investigation of sexual offences in a time-bound manner. सर, forensic laboratories के बारे में जैसा मैंने बताया, उसके लिए हर राज्य में forensic laboratories होनी चाहिए, इसके लिए कदम उठाया जा चुका है। उसके लिए पिछले साल गृह मंत्री जी ने हमारे देश में पहली बार एक बहुत ही important Crime and Criminal Tracking Network System को लॉंच किया। यह बहुत ही महत्वपूर्ण है। यह database का एक बहुत ही बड़ा कार्यक्रम है। इसलिए हिन्दुस्तान के अन्दर कोई sexual offender, जिसका अगर previous character ऐसा है, उसके लिए अगर हर पुलिस स्टेशन के साथ हमारा NCRB networking रखे और अगर हमारे पास database collection होगा, तो हम easily track कर सकते हैं कि किस आदमी ने ऐसा क्राइम किया है और सम्भवतः ऐसा कौन कर सकता है। इसके लिए यह व्यवस्था की गयी है।

सर, गृह मंत्रालय चूंकि एक बहुत बड़ा मंत्रालय है, इसमें महिलाओं के लिए बहुत सारे प्रावधान पहले से रखे गए थे, लेकिन हमारे गृह मंत्री, राजनाथ सिंह जी ने इसके लिए एक और बड़ा कदम उठाया है। सर, मैं आपके माध्यम से सदन को बताना चाहता हूं कि अब गृह मंत्रालय में इसके लिए एक डिवीज़न क्रिएट किया गया है, क्योंकि अलग-अलग डिपार्टमेंट्स होते हैं, तो एक Special Division create किया गया है, जो महिलाओं के लिए dedicated रहेगा। उसका नाम Women Safety Division है। महिलाओं से संबंधित जो भी सारी चीज़ें हैं, उनके लिए वहां पर अलग से एक dedicated Joint Secretary (Women Safety) appoint करके वह एक अलग Division create किया गया है। इसके अलावा, awareness पैदा करना, special Apps develop करना, Helpline, इस तरीके की बहुत-सी चीज़ें हैं, जिनको मैं यहां पर अभी नहीं बताना चाहता हूं, क्योंकि हमारे संबंधित माननीय सदस्यगण को इनकी जानकारी है।

सर, मैं आखिर में यह बताना चाहता हूं कि हमारे राष्ट्रपिता ने कहा था कि जब महिला रात के 12 बजे सड़कों पर अकेले चलेगी, तब हम मानेंगे कि हमारा देश सम्पूर्ण रूप से आज़ाद हो गया है, इसलिए हमारे माननीय प्रधानमंत्री जी ने लाल किले से यह कहा है कि हर माँ, हर पिता अपने बच्चे से यह पूछे कि आप कहां जाकर आये हो, आप क्या कर रहे हो? उनके काम से, उनकी हरकतों से समाज में हमें कहीं कोई शर्मिंदगी महसूस न हो, ऐसी घटनाएं न हों, इसके लिए हर परिवार को इस बारे में सोचना चाहिए।

मैं सरकार की तरफ से सदन से यह निवेदन करना चाहता हूं कि Select Committee में इसे भेजने की कोई आवश्यकता मुझे नजर नहीं आ रही है। आपका जो भी concern है, उसके बारे में मैंने शॉर्ट में इसलिए बताया, क्योंकि आपको सब्जेक्ट की जानकारी पहले से है। लोक सभा में भी इस तरह की चर्चा होने के बाद पास होकर आज यह राज्य सभा में आया है, तो मैं निवेदन करना चाहूंगा कि हमने जो इतने अच्छे प्रावधान बनाये हैं, उनके बारे में आपको संक्षेप में बताया है, इसके अलावा, आपने जो-जो मैटर रेज़ किये, उनको address करने का भी आश्वासन मैंने दिया है, इस लिहाज़ से, मैं समझता हूं कि हम सब लोगों द्वारा अगर एक आवाज़ से इस Criminal Law (Amendent) Bill, 2018 को पास किया जाए, तो देश के लिए भी बहुत अच्छा होगा और एक अच्छा संदेश जाएगा। इसी अपील के साथ, मैं इस बिल को पास करने का निवेदन करता हूं।

MR. CHAIRMAN: Now, the question is:-

That the Bill further to amend the Indian Penal Code, Indian Evidence Act, 1872, the Code of Criminal Procedure. 1973 and the Protection of Children from Sexual Offences Act, 2012, as passed by Lok Sabha, be taken into consideration.

The motion was adopted.

MR. CHAIRMAN: We shall now take up Clause-by-Clause consideration of the Bill.

Clauses 2 to 26 were added to the Bill.

Clause 1, the Enacting Formula and the Title were added to the Bill.

MR. CHAIRMAN: Now, Mr. Minister.

SHRI KIREN RIJIJU: Sir, I move:

That the Bill be passed.

The question was put and the motion was adopted.

SPECIAL MENTIONS

MR. CHAIRMAN: Now, Special Mentions. Shri P.L. Punia, not present. Shri Sambhaji Chhatrapati, not present. Shri R. Vaithilingam, not present. Shri K. Somaprasad.